न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–3 अंक–18
मासिक – अक्टूबर, 2024

## सत्र का उद्देश्य

- ❖ पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- ❖ शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- ❖ देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- ❖ नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

## Events at College



**गांधी जयंती के सुअवसर पर सेवा और स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र, समाज सेवी एवं प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री अमित टण्डन, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय और प्रो0 मीना कुमारी आदि के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।**

### सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन :

01 अक्टूबर, 2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर, 2024 से 2 अक्टूबर, 2024 तक के अनुक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों ने 'स्वदेशी से आत्म निर्भर भारत का निर्माण सम्भव है' विषय पर अपने विचार रखें और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने 'Non-Violence: Ideas of Perspectives in the Contemporary Times' विषय पर अपनी बात रखी। हिन्दी माध्यम से B.A. V Sem. की काजल मिश्रा ने प्रथम, B.A. III Sem. के अभिषेक शुक्ला ने द्वितीय और B.A. V Sem. के छात्र सत्यम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंग्रेजी माध्यम से M.A. III Sem. की छात्रा जाह्नवी सिंह ने प्रथम B.A. III Sem. के छात्र आशीष द्विवेदी ने द्वितीय और B.Com. III Sem. के छात्र मो0 सैफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





डॉ0 श्वेता पाण्डेय और डॉ0 श्रुति मिश्रा ने निर्णायक मण्डल की भूमिका का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया और छात्रों को भाषण कला की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 पूनम अस्थाना, सुश्री संघमित्रा के साथ अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाश दीक्षित ने किया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी



कालीचरण महाविद्यालय में 2 अक्टूबर, 2024 को राष्ट्रीपिता महात्मा गाँधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य अमित टण्डन और महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने महात्मा गाँधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेणे कहिए' गाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र और प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महात्मा गाँधी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

## स्वच्छता अभियान 4.0 के अन्तर्गत कालीचरण महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन :



आज दिनांक 16.10.2024 को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान 4.0 के अन्तर्गत कालीचरण महाविद्यालय में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूशन ऑफ पेलियो साइंस, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीरबल साहनी (आई0 पी0) की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 शिल्पा पाण्डेय ने अपनी संस्था की साइंटिफिक सोशल रिसपॉसिबिलिटी (SSR) की विस्तृत जानकारी दी एवं कालीचरण महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों कों संस्था से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ0 निमिष कपूर ने स्वच्छता के साथ–साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के महत्व को बताया कि कैसे एक साधारण किसान से लेकर अनपढ़ व्यक्ति में भी अनकॉमन विज्डम या अद्भुत विवेक हो सकता है। अतः विद्यार्थियों को सभी लोगो से सीखने का प्रयास करना चाहिए। डॉ0 संजय सिंह ने जीवाश्मों एवं सग्रहालय की विस्तृत जानकारी दी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संस्थान के विज़िट के लिए आमंत्रित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने स्वच्छता की महत्ता के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा राष्ट्रीय महत्व के इस शोध संस्थान से महाविद्यालय के जुड़ने पर विशेष हर्ष व्यक्त किया तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 शिल्पा पाण्डेय को महाविद्यालय को सहयोग हेतु चुनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग की असि0 प्रो0 भावना गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन जन्तु विज्ञान की असि0 प्रो0 डॉ0 इरा रस्तोगी के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## "बेहतर पर्यावरण में नारी शक्ति की भूमिका" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया



दिनांक 16.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा कालीचरण महाविद्यालय के श्याम सुन्दरदास सभागार में "बेहतर पर्यावरण में नारी शक्ति की भूमिका" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ0 शिल्पा पाण्डेय द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया कि वह अपने कुशल नेतृत्व से पर्यावरण को कैसे बेहतर बना सकते है। जिससे परिवार समाज और आस–पास स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण की निर्माण हो। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय व समिति के संयोजक डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं समिति के सदस्य और महाविद्यालय के सभी शिक्षकों की सहभागिता रही।

## सामान्य ज्ञान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन



16 अक्टूबर, 2024 को कालीचरण महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचीन इतिहास, इतिहास, भूगोल एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शताब्दी सभागार में किया गया। इस प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समसायिक विषयों खेल और मनोरंजन से संबंधित प्रश्न पूछे गये। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान और समसायिक मुद्दों से जागरूक कराना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया जिनका नाम विजडम वारियर्स, रिडल रेंजर्स, ट्रिविया टैक्टिसियन और ब्रेन स्टार्म ब्रिगेड था। प्रतियोगिता में विजडम वारियर्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिडल रेंजर्स को द्वितीय स्थान मिला। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की संयोजक प्राचीन इतिहास विभाग की प्रो0 अर्चना मिश्रा सह–संयोजक अंग्रेजी विभाग की सुस्मिता पाण्डेय और श्रुति मिश्रा, भूगोल विभाग की मनस्वी शुक्ला थीं। मंच संचालन श्रुति मिश्रा ने किया।

## एक विशेष व्याख्यान पर्सनालिटी डेवलपमेन्ट तथा स्ट्रैटजिक मैनेजमेन्ट

दिनांक 18.10.2024 को महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान पर्सनालिटी डेवलपमेन्ट तथा स्ट्रैटजिक मैनेजमेन्ट **(Personality Development & Strategic Management)** विषय पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में माउण्ट केन्या विश्वविद्यालय कीनिया (पूर्वी अफ्रीका) के ब्रायन कीत्जियो ने अपना व्याख्यान दिया और समय प्रबन्धन के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में स्नातक तथा परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने बहुत सारे प्रश्न किये जिनका उत्तर भी मुख्य अतिथि ने दिया। ब्रायन कीत्जियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में दोनो संस्थाओं के बीच प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों का परस्पर आदान–प्रदान भी स्थापित होगा। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र जी ने अतिथि को प्रमाण–पत्र प्रदान दिया। सभा की अध्यक्षता प्राचार्य ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन का कार्य प्रो0 मीना कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्रुति मिश्रा ने किया।






## काव्यपाठ का आयोजन

दिनांक 17.10.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत काव्यपाठ का आयोजन हिन्दी–विभाग द्वारा बाबू श्यामसुन्दर दास सभागार में किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने नारी शक्ति के ऊपर अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय, सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 रश्मि मिश्रा, श्री राजीव यादव व डॉ0 इरा रस्तोगी तथा सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्य और छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शोभा श्रीवास्तव ने किया।

## ”महिला सशक्तिकरण” विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन



दिनांक 18.10.2024 को वाणिज्य विभाग द्वारा कालीचरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय के निर्देशन में एक व्याख्यान का आयोजन मिशन शक्ति फेज–5 के तहत ”महिला सशक्तिकरण” विषय पर श्याम सुन्दरदास सभागार में किया गया। व्याख्यान में माउण्ट केन्या विश्वविद्यालय के मिस्टर ब्रायन हामिसी कित्जियों द्वारा छात्राओं को अपने व्यक्तित्व का विकास कैसे करें पर चर्चा की व इनके द्वारा इस बात को भी बड़ी सहजता से समझाया गया कि साक्षात्कार के दौरान वह अपने आत्म विश्वास को कैसे बढ़ाए। व्याख्यान में अन्य वक्ता प्रो0 मीना कुमारी, विभागाध्यक्षा समाजशास्त्र के द्वारा छात्राओं कि समाज व परिवार में आत्म सम्मान के साथ अपने को कैसे मजबूत बनाएं। उक्त व्याख्यान में छात्राओं द्वारा अपनी समस्याओं को सामने रखा गया जिसका निराकरण बहत ही सहज ढंग से वक्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र व सभी प्राध्यापकों के साथ–साथ विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की डॉ0 रश्मि मिश्रा द्वारा किया गया।

## ’महिला सशक्तिकरण’ विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन



मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत दिनांक 23.10.2024 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा ’महिला सशक्तिकरण’ विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के समस्त संकायों से छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार – काजल गौतम – एम0ए0, द्वितीय पुरस्कार – वन्दना गौतम – एम0ए0, तृतीय पुरस्कार – वैशाली शर्मा – एम0ए0 को दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों ने अपनी पूर्ण सहभागिता की।

## मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत गीत प्रतियोगिता



दिनांक 19.10.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत गीत प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दी–विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और नारी शक्ति का परिचय कराने वाले अनेक गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी सहित अनेक शिक्षक और भारी संख्या में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं हैं – रामा देवी (प्रथम), मुस्कान मिर्ज़ा (द्वितीय), प्रियंका त्रिपाठी (तृतीय), अपर्णा (सांत्वना), हिमानी तिवारी (सांत्वना)। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शोभा श्रीवास्तव ने किया। हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अरूण कुमार यादव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता

दिनांक 22.10.2024 को कालीचरण महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुरूष वर्ग में बी0ए0 द्वितीय वर्ष और तीसरे वर्ष के बीच मुकाबला हुआ। द्वितीय वर्ष के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी0ए0 तीसरे वर्ष के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी0ए0 तीसरे वर्ष की टीम को 43–29 पराजित किया। महिला वर्ग में बी0ए0 दूसरे वर्ष ने पहले वर्ष को 36–33 से हरा कर जीत का खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, प्रो0 कल्याणी द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 अरूण यादव, प्रभाष दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## अंतर–महाविद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता

कालीचरण डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने विगत दिनों में जनपद में कराए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दिनांक 23.10.2024 को अवध गर्ल्स पी0जी0 कालेज के तत्वावधान में कराए गए अंतर–महाविद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता (वैश्विक बाजार का भारत में प्रभाव) में लखनऊ जनपद के विभिन्न महाविद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें कालीचरण डिग्री कॉलेज के तृतीय सेमेस्टर के छात्र आशीष द्विवेदी और अभिषेक शुक्ला ने वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## 'नारी चेतना' विषय पर कार्यशाला का आयोजन




मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में इतिहास विभाग (प्राचीन इतिहास विभाग तथा आधुनिक एवं मध्यकालीन इतिहास विभाग) के द्वारा 'नारी चेतना' विषय पर दिनाँक 24.09.2024 को कार्यशाला का आयोजन बाबू श्याम सुन्दरदास सभागार में किया गया। कार्यशाला की संयोजक प्रो0 अर्चना मिश्रा (प्राचीन इतिहास विभाग), डॉ0 ऋचा मिश्रा (मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग) थीं। कार्यशाला में अत्यन्त उत्साह के साथ सभी शिक्षकों–शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं अनुभवी शिक्षकों ने अपने विचारों द्वारा छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन बड़े ही रोचक ढंग से किया साथ ही उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

विषय का प्रवर्तन प्रो0 अर्चना मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें नारी को उसकी सुषुप्तावस्था से जागृत करने एवं नवीन चेतना के संचार एवं प्रगति सम्बन्धी तथ्यों से अवगत कराया गया। प्रो0 अर्चना मिश्रा ने बड़े ही सुन्दर ढंग से स्त्री एवं पुरूष के सामंजस्य से मुक्त प्रगतिशील समाज की रूपरेखा प्रस्तुत की तो वहीं डॉ0 ऋचा मिश्रा ने वैदिक सभ्यता एवं आदि काल से ही मातृ सत्तात्मक व्यवस्था के साथी स्त्री के गौरवशाली इतिहास एवं वर्तमान में उसकी स्थापना पर जोर देने की बात कही। प्रो0 कल्याणी द्विवेदी (शारीरिक शिक्षा विभाग) के द्वारा छात्र–छात्राओं को व्यायाम के महत्व से अवगत कराया गया। प्रो0 मनोज पाण्डेय (हिन्दी विभाग) ने छात्राओं की शंकाओ का सुन्दर ढंग से समाधान किया।

श्री राजीव यादव ने नारी के विकास एवं प्रगति के साथ संवैधानिक अधिकारों की चर्चा करते हुए सम्पत्ति के अधिकार की चर्चा की। डॉ0 पूनम अस्थाना, डॉ0 शोभा श्रीवास्तव, डॉ0 स्तुति त्रिपाठी, डॉ0 बबिता नीरज शुक्ला, डॉ0 गुंचा फातिमा ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं छात्र–छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को संवैधानिक अधिकारों से अवगत कराया।

## कालीचरण पी. जी. कालेज के स्वयंसेवकों ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



29 अक्टूबर 2024 को लखनऊ विश्वविद्यालय के ए पी सेन सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी लखनऊ श्री सूर्य पाल सिंह गंगवार जी ने विद्यार्थियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में बताते हुए इसके माध्यम से स्वयं को निर्वाचक नामावली में अपना नाम जोड़ने एवं संशोधन करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में विशेष अथिति प्रति कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. मनुका खन्ना एवं संयुक्त निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश श्री विनय कुमार पाठक ने भी विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित होकर देश को मजबूत करने के लिए जागरूक किया।

इस शुभारंभ कार्यक्रम में कालीचरण पी. जी. कालेज लखनऊ के स्वयंसेवकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा नामावली में सम्मिलित होने या संशोधन की प्रक्रिया को भी बारीकियों से सीखा। इस दौरान महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

**<u>ट्रैफिक पुलिस विभाग, चौक, लखनऊ से ट्रेफिक नियमो पर जानकारी प्राप्त की गई</u>**






29 अक्टूबर 2024 को दिवाली माय भारत वाली की पहली वर्षगांठ को सेलिब्रेट करने हेतु, कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा एवं डॉव शिवकुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के द्वारा ट्रैफिक पुलिस विभाग, चौक, लखनऊ से ट्रेफिक नियमो पर जानकारी प्राप्त की गई तथा ट्रैफिक कंट्रोल करने में सहयोग किया गया।

---

# <u>Kalicharna In News Paper</u>



### केन्या विवि के साथ करेंगे अकादमिक समझौता

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग अंग्रेजी विभाग में पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा स्ट्रैटजिक मैनेजमेंट विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता माउंट केन्या विवि कीनिया के ब्रायन कीत्जियो पावर प्वाइंट के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेषज्ञता का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने भविष्य में केन्या के इस विवि के साथ अकादमिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रबंधक वीके मिश्रा, असिस्टेंट प्रो. श्रुति मिश्रा आदि उपस्थित रहे। (संवाद)



### कालीचरण कॉलेज : कबड्डी में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में मंगलवार को शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष और तीसरे वर्ष के बीच मुकाबला हुआ। द्वितीय वर्ष के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बीए तीसरे वर्ष की टीम को 43-29 पराजित किया। महिला वर्ग में बीए दूसरे वर्ष ने पहले वर्ष को 36 -33 से हरा कर जीत का खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय, प्रो. कल्याणी द्विवेदी, डॉ. मुकेश मिश्रा, डॉ. अरूण यादव, प्रभाष दीक्षित आदि उपस्थित रहे। (संवाद)



www.jagran.com

### गांधी व शास्त्री की जयंती पर विजेताओं को किया पुरस्कृत

विजयी विद्यार्थियों को पुस्तकें और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया • कालेज

जासं • लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रबंध समिति के सदस्य अमित टंडन, संस्था के प्रबंधक वीके मिश्र ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेणे कहिए' से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि कालेज में हुई प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों पुरस्कृत किया।



### कालीचरण महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### कबड्डी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की टीमें विजेता

जासं • लखनऊ : चौक के कालीचरण पीजी कालेज में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विभिन्न संकायों की पांच और महिला वर्ग में चार टीमों ने भाग किया।

पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की टीम ने बीए तृतीय वर्ष की टीम को 43-29 से हराकर जीत हासिल की। इस मैच में तृतीय वर्ष के विस्वाप यादव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए सर्वाधिक अंक अर्जित किए। वहीं, महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष ने बीए प्रथम वर्ष को 36-33 से हराया।

द्वितीय वर्ष की महक और सकीना सिद्दीकी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में कबड्डी अंपायर संजू एवं शोएब ने सफलता पूर्वक सभी मैच संपन्न कराए। इस दौरान महाविद्यालय के मुख्य नियंता डीसीडी आर पाण्डेय, शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. कल्याणी द्विवेदी व आयोजन सचिव डा. मुकेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

अंतर संकाय कबड्डी प्रतियोगिता में मुकाबला करते खिलाड़ी • कालेज

दैनिक जागरण हैलो डॉक्टर